अस्पताल में रखे गए रोगियों के लिए इलेक्ट्रो–कंवल्सिव थैरेपी

(मानसिक स्वास्थ्य कानून 1983 का अनुच्छेद 58ए)

यह पुस्तिका किस बारे में है?

यह पुस्तिका मानसिक अस्वस्थता का उपचार करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य कानून 1983 में इलेक्ट्रो–कंवल्सिव थैरेपी (ईसीटी) के इस्तेमाल से संबंधित विशेष नियमों के बारे में बताती है। ये नियम मानसिक स्वास्थ्य कानून के अनुच्छेद 58ए में दिए गए हैं।

इलेक्ट्रो–कंवल्सिव थैरेपी क्या होती है?

ईसीटी एक उपचार है जिसका इस्तेमाल गंभीर अवसाद, बुद्धिभ्रम या उन्माद, और कैटाटोनिया जैसे बहुत कम गंभीर मानसिक रोगों में किया जाता है। ईसीटी के दौरान, मस्तिष्क के ज़रिए थोड़ी–सी विद्युत धारा प्रवाहित की जाती है जिसके कारण बीमारी के झटके ('दौरा') आते हैं। सामान्य निश्चेतक या अनेस्थेटिक के बाद ईसीटी दी जाती है और रोगियों को उनकी मांसपेशियां ढीली करने वाली औषधियां भी दी जाती हैं ताकि वे दौरों के दौरान खुद को चोट न पहुंचाएं। आम तौर पर, ईसीटी को विशेष रूप से प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा छः या 12 सत्रों के कोर्स में दिया जाता है।

यदि अस्पताल का स्टाफ यह समझता है कि आपको ईसीटी देना अच्छा रहेगा, तो वे इसके बारे में बताएंगे, और यह बताएंगे कि उनके अनुसार इसे आपको क्यों दिया जाना चाहिए।

क्या मैं ईसीटी कराने से इंकार कर सकता हूं?

यदि आप अपने लिए फैसले लेने में सक्षम हैं, और यदि आप ईसीटी न लेना चाहें तो आप इसके लिए राजी न हों। आपको ईसीटी सिर्फ तभी दिया जाएगा जबकि आप इसके लिए राजी हों, या ऐसा करना एक आपात स्थिति हो।

यदि मैं 18 वर्ष से कम आयु का हूं तो क्या होगा?

यदि आप 18 वर्ष से कम आयु के हैं और आप ईसीटी कराने को राजी हैं, तो जिस अस्पताल में आपका उपचार किया जा रहा है उससे बाहर का एक डॉक्टर आकर आपको देखेगा।

इस स्वतंत्र डॉक्टर को एसओएडी (द्वितीय राय हेतु नियुक्त डॉक्टर) कहा जाता है और उसे एक स्वतंत्र कमीशन द्वारा नियुक्त किया जाता है जो यह निगरानी करता है कि मानसिक स्वास्थ्य कानून का इस्तेमाल कैसे किया गया है।

स्वतंत्र डॉक्टर आपसे और आपको जानने वाले अस्पताल के स्टाफ से बात करेगा। आपको सिर्फ तभी ईसीटी दी जाएगी जब आप और स्वतंत्र डॉक्टर दोनों इसके लिए राजी होंगे, या ऐसा करना आपात स्थिति होगी।

यदि स्टाफ यह समझता हो कि मैं अपने बारे में फैसला करने में असमर्थ हूं तो क्या होगा?

अस्पताल का स्टाफ यह सोच सकता है कि अपनी मानसिक अस्वस्थता के कारण आप यह फैसला करने में समर्थ नहीं हैं कि आपको ईसीटी दी जानी चाहिए या नहीं।

इसका मतलब वे सोचते हैं कि आप यह नहीं समझते हैं कि ईसीटी क्या है, किसके लिए है, और इसके क्या प्रभाव और लाभ हो सकते हैं।

यदि वे सोचते हैं कि आप अपने बारे में फैसला लेने में सक्षम नहीं है, तो अस्पताल का स्टाफ एक स्वतंत्र डॉक्टर (एसओएडी) से अस्पताल आकर आपको देखने को कहेगा। स्वतंत्र डॉक्टर आपसे और आपको जानने वाले अस्पताल के स्टाफ से बात करेगा।

यदि स्वतंत्र डॉक्टर इस बात पर सहमत है कि आप अपने बारे में फैसला लेने में सक्षम नहीं हैं, तो स्वतंत्र डॉक्टर अस्पताल के स्टाफ को आपको ईसीटी देने की अनुमति देने पर राजी हो सकता है। आपात स्थिति न होने पर, सिर्फ स्वतंत्र डॉक्टर की अनुमति से ही आपको ईसीटी दी जा सकती है।

लेकिन यदि आपने मानसिक क्षमता कानून 2005 के तहत ईसीटी कराने से इंकार करने का कानूनी रूप से बाध्यकारी अग्रिम फैसला किया है, अथवा यदि इस कानून के तहत आपकी ओर से फैसला लेने के लिए अनुमति प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति ने यह कहा हो कि आपका ईसीटी नहीं होना चाहिए, तो स्वतंत्र डॉक्टर अस्पताल के स्टाफ को आपको ईसीटी देने की अनुमति नहीं दे सकता है। यह कोई ऐसा व्यक्ति हो सकता है जिसे आपने दीर्घकालिक पॉवर ऑफ अटॉर्नी दी हो, कोर्ट ऑफ प्रोटेक्शन द्वारा आपके लिए नियुक्त डेप्युटी या प्रतिनिधि हो, अथवा स्वयं कोर्ट ऑफ प्रोटेक्शन हो सकता है। अस्पताल का स्टाफ मानसिक क्षमता कानून 2005 के बारे में आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

यदि आपात स्थिति हुई, तो क्या होगा?

आपात स्थिति में, आपको ईसीटी दी जा सकती है भले ही आपने या किसी स्वतंत्र डॉक्टर ने इसे कराने की सहमति नहीं दी हो।

लेकिन यह सिर्फ तभी किया जा सकता है जबकि आपके जीवन की सुरक्षा के लिए या आपके मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को पहले से ज्यादा बिगड़ने से रोकने के लिए आपको ईसीटी देने की आवश्यकता हो।

कार्यअभ्यास संहिता

कार्यअभ्यास संहिता अस्पताल के स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य कानून और मानसिक अस्वस्थता वाले लोगों का उपचार करने के बारे में सलाह देती है। आपकी देखभाल के बारे में स्टाफ द्वारा कोई भी फैसला लेने से पहले उन्हें संहिता में कही गई बातों पर विचार करना चाहिए। यदि आप चाहें, तो आप संहिता की एक प्रति देखने के लिए कह सकते हैं।

मैं शिकायत कैसे कर सकता हूं?

यदि आप अस्पताल में अपनी देखभाल और उपचार के संबंध में कोई भी शिकायत करना चाहते हैं, तो कृपया स्टाफ के किसी सदस्य से कहें। वे संभवतः मामले का निपटारा कर सकें। वे अस्पताल की शिकायत करने की प्रक्रिया के बारे में भी आपको जानकारी दे सकते हैं, जिसका इस्तेमाल आप स्थानीय प्रशासन के ज़रिए शिकायत का समाधान निकालने में कर सकते हैं। वे आपको ऐसे किसी व्यक्ति के बारे में भी बता सकते हैं जो शिकायत करने में आपकी मदद कर सकता हो।

यदि आपको लगता है कि अस्पताल की शिकायत की प्रक्रिया आपकी मदद नहीं कर सकती, तो आप किसी स्वतंत्र कमीशन से शिकायत कर सकते हैं। कमीशन इस बात पर नजर रखता है कि मानसिक स्वास्थ्य कानून का इस्तेमाल कैसे किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि इसका इस्तेमाल सही ढंग से किया गया है और अस्पताल में रहने के दौरान रोगियों की उचित देखभाल की जाती है। अस्पताल का स्टाफ आपको एक पुस्तिका दे सकता है जिसमें कमीशन से संपर्क करने के बारे में बताया गया है।

अधिक सहायता और जानकारी

यदि अपनी देखभाल और उपचार के बारे में कोई बात आप नहीं समझ पाए हों, तो स्टाफ का एक सदस्य इसे समझने में आपकी मदद करेगा। यदि इस पुस्तिका की कोई बात आप नहीं समझ पाएं हों या यदि आपके कोई ऐसे प्रश्न हों जिनके जवाब इस पुस्तिका में नहीं दिए गए हों तो कृपया स्टाफ के किसी सदस्य से समझाने को कहें।

यदि आप किसी अन्य व्यक्ति के लिए इस पुस्तिका की एक और प्रति चाहते हों तो कृपया बताएं।